डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 04 मई, गुरुवार, 2023





## कर्नाटक के लोग प्रगति की ओर अग्रसर हैं, भारी भीड़ इस बात का प्रमाण है

**राहुल गांधी**

# कन्नडिगा क्या गारंटी दे रहे हैं – 40% बीजेपी सरकार को 40 सीटें, कांग्रेस को 150 सीटें









**कर्नाटक चुनाव को लेकर CSDS और NDTV ने सर्वे किया है, जिसमें जनता ने अलग-अलग मुद्दों पर अपनी राय रखी है।**

**सर्वे के कुछ सवाल देखिए 👇**

**1. राजनीतिक प्राथमिकता (गरीब)**

**कांग्रेसः 50%**

**भाजपाः 23%**

**2. कर्नाटक के विकास के लिए बेहतर**

**कांग्रेसः 47%**

**भाजपाः 37%**

**जेडीएसः 14%**

**3. धार्मिक सद्भाव बनाए रखने वाली पार्टी**

**कांग्रेसः 49%**

**भाजपाः 34%**

**जेडीएसः 14%**

**4. बोम्मई सरकार नापसंद**

**गरीबः 67%**

**निम्न मध्यम वर्गः 58%**

**मध्यम वर्गः 52%**

**अमीरः 49%**


**सारे सर्वे साफ संदेश दे रहे हैं-**

**कर्नाटक में कांग्रेस आ रही है और S जा रही है।**

# सेवा, श्रद्धा और बलिदान के प्रतीक भगवान हनुमान की तुलना किसी व्यक्ति या संगठन से करना उनका अपमान

पटना । कांग्रेस दर्पण








बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, उदय शंकर पालित, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, मो समद, आदि ने कहा की देश के प्रधानमंत्री द्वारा भगवान हनुमान की तुलना बजरंग दल से कर उनके करोड़ों भक्तो का अपमान किया है जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

नेताओ ने कहा की भगवान हनुमान पवित्रता, श्रद्धा और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता, सेवा और बलिदान के प्रतीक है इसलिए किसी व्यक्ति या संगठन की तुलना भगवान हनुमान से करना उनका अपमान है। नेताओ ने कहा की कर्नाटक विधानसभा में भाजपा की करारी हार को देखते हुए बौखलाए माननीय प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी पर तुष्टिकरण, भगवान राम को बंद रखने, जैसे तथ्यहीन, बेबुनियाद आरोप लगा कर मतदाताओं को गुमराह करके की भरपूर कोशिश कर रहे है , लेकिन कर्नाटक की महान जनता राज्य में मौजूदा भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को हर, हाल में उखाड़ फेकना चाहती है।

नेताओ ने कहा की प्रधानमंत्री जी द्वारा ध्रुव सक्सेना के बजरंग दल की तुलना भगवान बजरंगबली से करने से देशभर के हनुमान भक्तों में भयानक आक्रोश है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

# खिलाड़ी बेटियों के सम्मान में महिला सेवादल मैदान में

पटना । कांग्रेस दर्पण

खट्टर जी आप शायद भूल गए हो कि आपकी पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर सत्ता में आई थी।आज उन्ही बेटियों को आपने सड़को पर न्याय मांगने के लिए मजबूर कर दिया है।महिला सेवादल इस लड़ाई में अपनी पहलवान बेटियों के साथ खड़ी है।आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष #laljidesai जी और #पूनमछोटासिंह्चौहान जी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष **#Sunita_Sharma_Sevadali** जी के नेतृत्व में आज #पंचकूला की हमारी जिला प्रधान सुमित्रा मलिक जी ने टीम सहित मशाल लेकर न्याय के लिए प्रदर्शन किया।



# नई टिहरी में कांग्रेस जनों ने फूंका प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

## प्रेमचंद्र अग्रवाल पहाड़ विरोधी मानसिकता के हैं :- राकेश राणा

ऋषिकेश बीच बाजार में मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल और उनके स्टॉप के द्वारा एक पहाड़ी युवक की सरेआम पिटाई करने ओर अभद्र भाषा का प्रयोग करने से उनकी पहाड़  ओर पहाड़ी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा की सरकार के नुमाइंदे बेलगाम हो गए हैं देश व प्रदेश में सरेआम सरकार के लोग गुंडागर्दी पर उतारु है लेकिन जनमानस सब समझ रहा है सरकार के लोग भारी बहुमत की आड़ में जनमानस को कुचलना चाहते हैं ।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विजय गुनसोला एवं शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार ने कहा की सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है यह सरकार अहंकार में डूब चुकी है और खुद मंत्री कानून अपने हाथ में लेकर खुलेआम बीच बाजार में हाथापाई पर उतर आए हैं ।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ममता उनियाल ने कहा की जब अंकिता भंडारी हत्याकांड हुआ था उस समय मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बेबुनियाद बयान दिए थे जबकि यह कृपया उनकी विधानसभा के अंतर्गत हुआ उन्होंने एक बार भी उस परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त नहीं की कहा कि सरकार के लोग संवेदनहीन हो चुके हैं।



पीसीसी सदस्य सैयद मुशर्रफ अली एवं देवेंद्र नौटियाल ने कहा कि सरकार अपने उद्देश्य से भटक चुकी है और तत्काल मुख्यमंत्री को कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल को मंत्री पद से हटाना चाहिए।


चंबा शहर कांग्रेस के अध्यक्ष सक्ति प्रसाद जोशी एवं ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह रौतेला साहब सिंह सजवान ने कहा की सरकार के लोग कानून को अपने हाथ में लेकर तानाशाही रवैया पर उतारू है यह घोर निन्दनीय कृत्य है जनता आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी।

उपरोक्त कार्यक्रम में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल प्रदेश महासचिव विजय गुनसोला प्रदेश सचिव सैयद मुसरफ अली मान सिंह रौतेला साहब सिंह सजवान महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आशा रावत ममता उनियाल प्रदेश महासचीव दर्शनी रावत  नीमा नेगी बृहस्पति भट्ट रीता रावत  मुर्तुजा बैग नफीस खान शक्ति प्रसाद जोशी कपिल जोशी वीरेंद्र सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत पूर्व प्रधान रोशन नौटियाल, आदि कांग्रेस जन मौजूद थे।

## ओ बी सी की समस्या मोदी: चन्द्रपोला सिंह यादव

**खुद को ओ बी सी बताने वाले जरा हमें यह बता दो की देश में सबसे लाचार कौन है हम ओ बी सी न घर के हैं ना घाट के धोबी के कुत्ते की हालत हुआ है महंगाई, बेरोजगारी, कमर तोड़ दिया है आज देश भर में कोई नहीं बच पाया है इसके प्रभाव से युक्त बाते चन्द्रपोला सिंह यादव ने हो रहे सामाजिक वार्तालाप के दौरान कही**






**स्वतंत्रता सेनानी, अर्थशास्त्री और भारत के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति, भारत रत्न से सम्मानित डॉ. जाकिर हुसैन जी के पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। जामिया मिलिया इस्लामिया के एक शिक्षाविद, बुद्धिजीवी और सह–संस्थापक, उन्हें डाक टिकटों, कई शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों, सड़कों और एशिया के सबसे बड़े गुलाब के बगीचे के नाम पर याद किया गया है।**




**मोदी जी को उनके लोग सर्वशव?त?मान, सवीपरि, सर्वश्रेष्ठ, विकास पुरुष बताते हैं। मोदी जी कर्नाटक में आकर कहते हैं– मेरा सपना था, कर्नाटक को देश में व?कास की म?साल बनाऊं। ताज्जुब की बात है– कर्नाटक में इखढ की सरकार थी तो मोदी जी ने यह सपना पूरा क्यों नहीं किया ? आप तो सवीपरि हैं, सर्वश्रेष्ठ हैं।**

# राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) सहरसा ने मनाया 76 माह स्थापना दिवस

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण


राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ( इंटक ) सहरसा ने मनाया 76 माह स्थापना दिवस। स्थापना दिवस के मौके पर इंटक जिलाध्यक्ष सत्यनारायण चौपाल ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक विगत 76 वर्षों से देश के सभी वर्गों के मजदूरों की आवाज बना हुआ है। हम 76 वां स्थापना दिवस मनाते हुए गर्व कर रहे हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े यूनियन के रूप में जाने जाते हैं। हमारे आदरणीय माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी के नेतृत्व में इंटक दिनोंदिन मजबूत हुआ है और सभी वर्गों के श्रमिकों का आवाज बना हुआ है। हमें इस बात पर भी गर्व है कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार रही उस समय भी मजदूरों और मजदूरों के कानून के सवाल पर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने सरकार का भी विरोध करने से नहीं चुके हम संकल्प लेते हैं की जब तक एक भी श्रमिक दुखी रहेगा हम चैन से नहीं बैठेंगे। हमें अपने प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हम लोगों के नेता आदरणीय चंद्रप्रकाश सिंह जी के नेतृत्व में बिहार इंटर ने उत्तरोत्तर विकास किया है। बिहार से झारखंड अलग होने के बाद बिहार में ना कोई खदानें बची नाही इंडस्ट्रियल कोई एरिया था ना ही इंडस्ट्री थी और ना ही कोई रोजगार था फिर भी हमारे प्रदेश अध्यक्ष माननीय चंद्रप्रकाश सिंह के अथक प्रयास से आज हमारा यूनियन हर वर्ग के मजदूरों के लिए जिला ही नहीं प्रखंड से पंचायत गांव कस्बों तक फैला हुआ है और अपने श्रमिक साथियों का सेवा कर रहा है समारोह में 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के दिलीप कुमार दुर्गेश पांडे सफाई कर्मचारी यूनियन के पप्पू मल्लिक विकी मल्लिक कृष्णा मल्लिक एवं फूड एंड वर्कर्स यूनियन के गनौरी शर्मा और कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन की महिला अध्यक्षा आशा देवी रिंकू देवी कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद समसुल के साथ प्रकाश यादव अमोद यादव देव नारायण यादव प्रसाद यादव सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।







**विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर हमारे मीडिया बिरादरी के सदस्यों को शुभकामनाएं। मीडिया हमारे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि यह संस्था सत्ता से सच बोलने, आम लोगों के मुद्दों को उठाने और हमारे देश के बेहतर भविष्य को आकार देने में मदद करने के लिए स्वतंत्र रहे।**




**भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के स्थापना दिवस की बहुत–बहुत बधाई। कांग्रेस के दिग्गजों और प्रमुख श्रमिक नेताओं के दिमाग की उपज, इंटक मजदूर वर्ग की सेवा के लिए अस्तित्व में आया। इंटक, अपने प्रयासों के माध्यम से, एक सहभागी लोकतंत्र सुनिश्चित करने का प्रयास करता है जिसमें श्रमिक वर्ग के हितों और कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है।**

# जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17वें रक्तदान शिविर का आयोजन

## ☆ सेवादल पदाधिकारियों व कार्यताओं ने उत्साहपूर्वक किया रक्तदान तथा जन्मदिवस पर केक काटकर दीर्घायु की कामना की गई

## ☆ आमजन महंगाई राहत कैम्प में अवश्य रजिस्ट्रेशन करवाए : अजय चड्ढा

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

श्रीगंगानगर, 3 मई 2023: जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा गाँधीवादी समाज सुधारक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर 3 मई, बुधवार को 17वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अजय चड्ढा के नेतृत्व में स्वास्तिक ब्लड बैंक में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कांग्रेस सेवादल व पदाधिकारियों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की दीर्घायु की कामना की गई। सेवादल कार्यकर्ता मनोज शर्मा व अजय सांखला द्वारा रक्तदान करके शिविर की शुरूआत की। प्रातः 11.30 बजे से प्रारम्भ रक्तदान शिविर में स्वास्तिक ब्लड बैंक की टीम द्वारा 28 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।


इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय चड्ढा ने कहा कि रक्तदान प्रेरणादायक होता है। इससे हमारे अंदर प्रसन्नता का भाव उत्पन्न होता है। रक्तदान से हम एक साथ कई जरूरतमंद तथा मरणासन्न व्यक्तियों की जान बचा सकते हैं। प्राचीन भारत में ऋषि दधीचि ने तो अपने शरीर की अस्थियों का दान कर श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी भावना से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा अब तक 17 बार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

जिलाध्यक्ष अजय चड्ढा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व में राज्य में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए लागू



जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राहत कैम्प से आमजन लाभान्वित हुआ है तथा राजस्थान का सर्वांगीण विकास हुआ है। जिलाध्यक्ष अजय चड्ढा ने कहा कि आगामी कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से महंगाई राहत कैम्प में अवश्य रजिस्ट्रेशन करवाने का आह्वान किया।

तत्पश्चात् मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर गोल बाजार स्थित अम्बेडकर चौक पर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अजय चड्ढा व प्रेम भाटिया के नेतृत्व में रेहड़ीवालों को साथ मिलकर केक काटकर खुशी का इजहार किया गया तथा मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ताज मोहम्मद, रमेश महेन्द्रा, कुलविन्द्र सिंह, शंकर असवाल, जयकुमार ढालिया, अशोक सोनी, प्रेम भाटिया, सुभाष मेहता, भीम ढुंढाड़ा, अजय सांखला, मनोज शर्मा, इंजी. लालचंद नायक, डॉ. दीपक चौधरी सहित जिला कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# महंगाई राहत कैंप भादरलाऊ

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

## सेवा ही संकल्प हमारा

महंगाई राहत कैंप भादरलाऊ के दौरान ग्रामीण जन और विशेषकर माताओं बहनों ने यशस्वी मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत के जन्मदिवस पर केक काट कर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री जी की दीर्घायु होने की मंगल कामना की आमजन को महंगाई से राहत पहुंचाने के उपलक्ष में आभार व्यक्त किया सुमेरपुर के लाल शिशुपाल सिंह निंबाड़ा का भी आमजन ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया निंबाड़ा ने लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया व कहा कि जनता के बीच में जाकर सरकार की योजनाओं का आमजन को लाभ दिलाना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना ही हमारा उद्देश्य है।

इस अवसर पर ज़िला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी , विकास अधिकारी, तहसीलदार, सहित जनप्रतिनिधि गण व भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

टीम : शिशुपाल सिंह निम्बाडा
विधानसभा क्षेत्र - सुमेरपुर (121)





मोदी जी को उनके लोग सर्वशक्तमिान, सर्वोपरि, सर्वश्रेष्ठ, विकास पुरुष बताते हैं।

मोदी जी कर्नाटक में आकर कहते हैं- मेरा सपना था, कर्नाटक को देश में वकिास की मसिाल बनाऊं।

ताज्जुब की बात है- कर्नाटक में इखढ की सरकार थी तो मोदी जी ने यह सपना पूरा क्यों नहीं किया? आप तो सर्वोपर हैं, सर्वश्रेष्ठ हैं।

: कर्नाटक के इंडी में **Priyanka Gandhi Vadra** जी



**पूरे कर्नाटक में एक बदलाव की लहर चल रही है। जनता बदलाव के लिए उठ खड़ी हुई है और तय कर लिया है कि 40% कमीशन की सरकारा को 40 से कम सीट और कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताएगी। कर्नाटक में अब लूट बंद होगी और विकास शुरूहोगा। आज तो मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ। आज देखा कि प्रधानमंत्री जी कह रहे हैं मैं कर्नाटका में विकास लाऊंगा। कर्नाटका को पूरे देश में विकास की मिसाल बनाऊंगा। ...तो अभी तक क्या कर रहे थे? जब आपकी ही सरकार जनता को 40% कमीशन की सरकारा बनकर लूट रही थी, तब आप कहां थे?**

